## महत्वपूर्ण एवं खास

### नाबालिग को शादी का झांसा देकर किया दैहिक शोषण, आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़।** महिला संबंधी अपराधों पर संवेदनशील रायगढ़ पुलिस द्वारा पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लखन पटले के दिशा निर्देशन तथा मार्गदर्शन पर गंभीरता पूर्वक कार्रवाई किया जा रहा है। दिनांक 20.02.2022 के सुबह सरिया थानाक्षेत्र की नाबालिग बालिका अपने परिजनों के साथ थाना सरिया आकर आरोपी नवीन खड़िया पिता वासु प्रसाद खडिया उम्र 20 वर्ष निवासी थानाक्षेत्र सरिया के विरूद्ध दुष्कर्म की शिकायत पर कार्रवाई के संबंध में लिखित आवेदन दिया गया। पीड़िता की ओर से उसके परिजन द्वारा दिये गये आवेदन पत्र पर लेख किया गया है कि आरोपी नवीन खड़िया द्वारा पीड़िता को शादी का झांसा देकर दिनांक 19/02/2022 के सुबह करीबन 10/00 बजे भागकर ले गया था जिन्हें ढूंढते हुये रायगढ के रेल्वे स्टेशन के सामने पकड़े और दोनों को गांव लाये। लड़की अपने परिजनों के बताई कि दिनांक 18-19.02.2022 के दरम्यानी रात घर के बाहर से नवीन खडिया बुलाकर गांव के एक सुने मकान में लेकर जबरन शारीरिक संबंध बनाया और इसके पहले भी शादी का प्रलोभन देकर जबरन शारीरिक संबंध बनाया था जो बदनाम कर दुंगा कहकर धमकी देकर दिनांक 19.02.2022 को भगा ले जा रहा था। थाना प्रभारी सरिया उप निरीक्षक के.के. पटेल द्वारा पीड़ित बालिका का महिला अधिकारी के पास कथन के लिये भेजा गया और अपने स्टाफ के साथ आरोपी के घर दबिश दिया गया। आरोपी नवीन खड़िया गांव से फरार होकर रायगढ़ आ गया था जिसकी पतासाजी करते हुए सरिया पुलिस की टीम द्वारा आरोपी को गोपालपुर थाना चक्रधरनगर क्षेत्र हिरासत में लेकर थाना लाया गया है। आरोपी नवीन खड़िया पर धारा 363, 366, 376 IPC 4, 6 Pocso Act के तहत कार्रवाई की गई है, आरोपी को आज सुबह न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

### युवाओं के लिए मशरूम उत्पादन प्रशिक्षण होगा शुरू 01 मार्च से

**रायगढ़।** कृषि विज्ञान केन्द्र रायगढ़ में राष्ट्रीय कृषि विस्तार प्रबंधन संस्थान (मैनेज) हैदराबाद, द्वारा प्रायोजित ग्रामीण युवाओं के लिए 1 मार्च से 6 दिवसीय मशरूम उत्पादन तकनीकी पर कौशल विकास प्रशिक्षण प्रदान किया जाना है। 18 से 40 वर्ष तक के इच्छुक युवक-युवतियां 28 फरवरी तक आधारकार्ड, अंकसूची व एक पासपोर्ट फोटो के साथ कार्यालय में संपर्क कर अपना पंजीयन करा सकते है। सीमित सीट होने के कारण पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर पंजीयन किया जाएगा।

### शिक्षक ने अश्लील फोटो बनाकर छात्रा को किया ब्लेकमेल, पहुंचा जेल

**रायपुर (आरएनएस)।** राजधानी रायपुर में एक शिक्षक द्वारा अपनी ही छात्रा को अश्लील विडियो वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल करने का मामला सामने आया है। मामलें में तेलीबांधा पुलिस ने आरोपी शिक्षक को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। मिली जानकारी के अनुसार तेलीबांधा थाना क्षेत्र के वीआइपी रोड स्थित स्कूल के शिक्षक महेश साहू ने एक छात्रा को उसकी अश्लील तस्वीर वायरल करने की धमकी देते हुए एक लाख रुपयों की मांग की। इसके बाद युवती ने डरकर घर से पैसे चुराकर 25 हजार रुपये शिक्षक को दिए इसके बाद आरोपी शिक्षक द्वारा पैसे मांगने पर जब सोमवार को पुन: छात्रा ने घर से 30 हज़ार रुपये चुराने की कोशिश की तो उसके पिता ने उसे पकड़ लिया जिसके बाद पूछताछ में युवती ने अपनी आपबीती परिजनों को बताई जिसके बाद पीड़ित छात्रा के पिता ने इसकी शिकायत तेलीबांधा थाने में दर्ज कराई।

# एफटीआईआई ने फिल्म मेकिंग पर जिले के छात्रों की शुरू की ऑनलाईन ट्रेनिंग

**❍ फिल्म एप्रिसिएशन कोर्स एवं बेसिक कोर्स इन स्मार्टफोन फिल्म मेकिंग कोर्स का दिया जा रहा प्रशिक्षण**

**रायगढ़।** कलेक्टर भीम सिंह के निर्देशन एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत रायगढ़ रवि मित्तल के मार्गदर्शन में रायगढ़ जिले के अनुसूचित जनजाति वर्ग के छात्र-छात्राओं/प्रतिभागियों के लिए भारत की प्रतिष्ठित संस्था फिल्म एंड टेलीविजन इंस्टीट्यूट आफ इंडिया एफटीआईआई द्वारा छात्र-छात्राओं को कौशल विकास पाठ्यक्रम के तहत दिए जाने वाले पांच दिवसीय प्रशिक्षण का आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में शुभारंभ हुआ।

21 से 25 फरवरी तक चलने वाले उक्त पांच दिवसीय ऑनलाइन कोर्स के प्रथम दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ कलेक्टर भीम सिंह, सीईओ जिला पंचायत डॉ.रवि मित्तल, डीईओ रायगढ़ आर.पी. आदित्य की उपस्थिति में हुआ। विदित हो कि उक्त पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में दो कोर्स होंगे जिसमें प्रथम कोर्स फिल्म एप्रिसिएशन कोर्स तथा द्वितीय कोर्स बेसिक कोर्स इन स्मार्टफोन फिल्म मेकिंग का होगा। उक्त दोनों कोर्स का प्रशिक्षण भारत की प्रतिष्ठित संस्था फिल्म एंड टेलिविजन इंस्टीट्यूट आफ इंडिया पुणे के द्वारा करवाया जा रहा है। विदित हो कि इससे पूर्व इस संबंध में कलेक्टर भीम सिंह व सीईओ जिला पंचायत डॉ.रवि मित्तल ने फिल्म एंड टेलीविजन इंस्टीट्यूट आफ इंडिया के डायरेक्टर संदीप सहारे व कोर्स इनचार्ज प्रोफेसर अश्वनी से वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से चर्चा कर ट्रेनिंग प्रोग्राम को अंतिम रूप रेखा दी थी।



उल्लेखनीय है कि प्रथम कोर्स फिल्म एप्रिसिएशन फिल्मेकिंग के सभी पहलुओं के बारे आधारित है। इसमें एक फिल्म को तैयार करने के लिए आवश्यक सभी विधाओं डायरेक्शन, एडिटिंग, साउंड डिजाइन, आर्ट डायरेक्शन, कास्टिंग के बारे में छात्र छात्राओं को ट्रेनिंग दी जा रही है। आज स्मार्टफोन से मूवी मेकिंग एवं ब्लॉगिंग जो काफी ट्रेंड में है इस पर आधारित कोर्स के माध्यम से छात्र-छात्राओं को स्मार्टफोन से फिल्म निर्माण की ट्रेनिंग भी प्रदान की जाएगी।

कलेक्टर भीम सिंह का कहना है कि जिले के छात्र-छात्राओं के लिए देश की इतनी प्रतिष्ठित संस्था एफटीआईआई द्वारा फिल्म मेकिंग की ट्रेनिंग दी जा रही है जिससे, जिले के छात्र-छात्राएं एक नया स्किल सेट सीखेंगे। साथ ही उन्हें एक बेहतर एक्सपोजर भी मिलेगा। सीईओ जिला पंचायत रायगढ़ डॉ.रवि मित्तल का कहना है कि जिले में रहने वाले अनुसूचित जनजाति प्रतिभागियों के लिए एफटीआई द्वारा मुफ्त में फिल्म आधारित कौशल पाठ्यक्रम अंतर्गत दो कोर्स का ऑनलाइन मोड में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिससे बच्चे स्वयं फिल्म मेकिंग से संबंधित विभिन्न तकनीक व कौशल से परिचित होंगे। कोर्स पूर्ण करने के पश्चात बच्चों को प्रशिक्षण प्रमाण पत्र भी प्रदाय किए जाएंगे। उक्त प्रशिक्षण बच्चों को रोजगारोन्मुखी शिक्षा से जोडऩे का एक बेहतर प्रयास है। इससे वे प्राप्त जानकारी व कौशल का भविष्य में व्यवसायिक उपयोग करने में सक्षम होंगे व उक्त प्रशिक्षण उन्हें रोजगार प्रदान करने में भी सहायक होगा।

उल्लेखनीय है कि उक्त पांच दिवसीय प्रशिक्षण प्रतिदिन पूर्वान्ह 11 बजे से शाम 5 बजे तक संचालित होगा, जिसमें प्रथम सेशन पूर्वान्ह 11 से दोपहर 1 बजे तक, लंच ब्रेक दोपहर 1 बजे से 3 बजे तक तथा द्वितीय सेशन अपरान्ह 3 बजे से शाम 5 तक का होगा। विदित हो कि लंच ब्रेक के दौरान जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा रायगढ़ रमेश देवांगन एवं एपीओ समग्र शिक्षा रायगढ़ भुवनेश्वर पटेल व आलोक स्वर्णकार द्वारा बच्चों से कोर्स के तकनीकी बिंदुओं से संबंधित उनकी शंकाओं पर चर्चा परिचर्चा कर बच्चों के संदेह को दूर करते हुए समाधान सुझाए जाएंगे। प्रशिक्षण के प्रथम दिवस विष्णु चरण गुप्ता शासकीय महाविद्यालय पुसौर रायगढ़ के 40 छात्र-छात्राएं प्रशिक्षण में भाग लिए। पहला कोर्स फिल्म एप्रिसिएशन हेतु 50 प्रतिभागियों का चयन करते हुए टेक्निकल पर्सन के रूप में लेफ्टिनेंट डॉ.शारदा घोगरे सहायक प्राध्यापक किरोड़ीमल शासकीय कला एवं विज्ञान महाविद्यालय रायगढ़ तथा द्वितीय कोर्स बेसिक कोर्स इन स्मार्टफोन फिल्म मेकिंग के लिए 40 प्रतिभागियों का चयन करते हुए टेक्निकल पर्सन के रूप में वत्स भोय सहायक प्राध्यापक शासकीय महाविद्यालय पुसौर रायगढ़ को नियुक्त किया गया है।

## छाल पुलिस की ने कोरिया जिले के खड़गांव से फरार स्थायी वारंटी को किया गिरफ्तार

**रायगढ़।** पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा के निर्देशन पर फरार स्थायी वारंटियों की पतासाजी पर थाना प्रभारी छाल उप निरीक्षक प्रवीण मिंज को 16 साल पुराने मामले के स्थायी वारंट की तामिली में सफलता मिली है।

जेएमएफसी धरमजयगढ़ न्यायालय द्वारा थाना छाल के अप.क्र. 87/2005 अन्तर्गत धारा 420, 34 IPC में संतोष जायसवाल पिता जगन्नाथ जायसवाल साकिन चिरमी थाना खडगांव जिला कोरिया छ.ग. के विरूद्ध स्थायी वारंट जारी किया गया था। वारंट की तामिली के लिये छाल पुलिस कई बार कोरिया खड़गांव जाकर वारंटी के सकुनत पर दबिश दिया गया किन्तु वारंट की तामिली नहीं की जा सकी। गत दिनों "विशेष अभियान" दौरान थाना प्रभारी छाल द्वारा लंबित स्थायी वारंटियों की पतासाजी के लिये मुखबिर लगाये गये थे जिनके द्वारा वारंटी संतोष जायसवाल को उसके गांव में देखे जाने की सूचना दिया गया जिस पर छाल पुलिस की टीम वारंटी के सकुनत पर दबिश दिया गया। पुलिस टीम द्वारा वारंटी को खड़गांव, कोरिया उसके गांव से हिरासत में लेकर थाना लाया गया जिसे आज दिनांक 21.02.2022 को न्यायालय पेश किया गया है।




## धर्म की रक्षा के लिए नागा साधु-संतों ने धर्मध्वजा खड़ी की

**राजिम (आरएनएस)।** राजिम माघी पुन्नी मेला में रविवार को नागा संत सन्यासियों ने अपने ईष्ट दत्तात्रेय भगवान का पूजा-आरती कर अपनी धर्मध्वजा की स्थापना की। धर्म ध्वजारोहण कार्यक्रम में सुबह से ही इस अनुष्ठान को लेकर नागाओं ने गजब का उत्साह था। श्रद्धालुओं का हुजुम बेरिकेट के बाहर इनके जोशीले आयोजन को देखने श्रद्धा पूर्वक जुटे थे। नागा साधुओं द्वारा आवश्यक पूजन-अनुष्ठान के बाद यज्ञ हवन भी किया गया। हर-हर महादेव की जयगोष से पूरा स्थल गूंज उठा। प्रज्जवलित ज्वाला का आशीर्वाद लेकर नागाओं ने बिना जमीन पर स्पर्श किए ध्वज को अपने स्थापना स्थल पर फहराया। साथ ही देवताओं का आह्वान किया। बताया गया कि किसी भी धर्म रक्षा के लिए अनुष्ठान कर धर्म ध्वज खड़ी की जाती है, जिससे वातारण धर्म मय हो जाता है। इस मौके पर श्रीमहंत उमेशानंद गिरी महाराज सिद्धिविनायक आश्रम के सानिध्य में अखाड़ा के समस्त पदाधिकारी मौजूद थे। जिसमें प्रमुख रूप से श्री जनकपुरी महाराज, श्री दिगम्बर संतोशगिरी महाराज आगरा, महंत दिगम्बर सनतपुरी, महंत कमलेशानंद सरस्वती भोपाल, महंत गोकुलगिरि लोमश ऋषि राजिम, रोहितगिरि आदि उपस्थित थे। पूजा अर्चना पश्चात प्रसादी वितरण किया गया। नागा साधुओं बताया कि प्रतिवर्ष राजिम मेला में धर्म ध्वजा खड़ी किया जाता है, जो साल भर स्थापित रहता है।

## छाल क्षेत्र से लापता हुई नाबालिग बालिका पूंजीपथरा क्षेत्र में मिली

**❍ नाबालिग को भगा ले जाने वाला आरोपी पॉक्सो एक्ट में गया जेल**

**रायगढ़।** छाल थानाक्षेत्र से दिनांक 14.02.2022 को लापता हुई बालिका छाल पुलिस को पता तलाश दौरान पूंजीपथरा के गेरवानी बस स्टैंड के पास दिनांक 20.02.2022 को आरोपी युवक के साथ मिली। पीड़ित बालिका ने आरोपी युवक द्वारा नाबालिग जानते हुये शादी का प्रलोभन देकर जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाना बताया गया जिस पर आरोपी को पॉक्सो एक्ट में गिरफ्तार कर आज दिनांक 21.02.2022 को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

बालिका के परिजन दिनांक 17.02.2022 को थाना छाल में रिपोर्ट दर्ज कर बताये कि बालिका दिनांक 14.02.2022 के सुबह स्कूल जाने के नाम से घर से निकली है और घर वापस नहीं आयी। परिजन बताये कि वे अपने स्तर पर अपने रिस्तेदार, जान परिचित के पास बालिका की खोजबीन किये मिलने पर थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराया गया, जिस पर छाल पुलिस द्वारा अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अप.क्र. 58/2022 धारा 363 IPC के तहत अपराध पंजीबद्ध कर अज्ञात आरोपी एवं बालिका की पतासाजी किया जा रहा था।



पतासाजी दौरान थाना प्रभारी छाल उप निरीक्षक प्रवीण मिंज को बालिका के सहेलियों से घरघोड़ा के सुरेन्द्र सिदार के साथ बातचीत करना बताये जिस पर संदेही सुरेन्द्र सिइर की पतासाजी थाना प्रभारी द्वारा मुखबिर एवं स्टाफ लगाकर की जा रही थी कि दिनांक 20.02.2022 को मुखबिर से थाना प्रभारी छाल को गेरवानी बस स्टैंड के पास संदेही एवं बालिका को देखे जाने की सूचना मिला जिस पर तत्काल थाना प्रभारी द्वारा स्टाफ भेजकर तस्दीक कराया गया। मुखबिर की सूचना सही पायी गई, संदेही गेरवानी स्थित प्लांट में काम कर रहा था, छाल पुलिस द्वारा दोनों को थाना लाया गया।

बालिका महिला पुलिस अधिकारी को दिये अपने बयान में आरोपी सुरेन्द्र सिदार द्वारा शादी का प्रलोभन देकर भगा ले जाने एवं शारीरिक संबंध बनाना बताई जिस पर प्रकरण में धारा 366(क), 376 IPC, 4, 6 Pocso Act जोड़ी जाकर आरोपी सुरेन्द्र सिदार पिता घुररू सिदार उम्र 29 वर्ष निवासी ग्राम मालपानी थाना घरघोड़ा को गिरफ्तार कर आज दिनांक 21.02.2022 को रिमांड पर भेजा गया, जहां न्यालय से आरोपी का जेल वारंट प्राप्त होने पर आरोपी को जेल दाखिल किया गया है।

## आदर्श गौठान चपले में 16 समूह की 160 महिलाए है जुड़ी

**❍ कलेक्टर भीम सिंह ने स्व-सहायता समूह की महिलाओं से की वीडियो कॉल पर चर्चा**

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी योजना गोधन न्याय योजना अन्तर्गत कार्यो के सफल संचालन एवं क्रियान्वयन की निगरानी के लिए खरसिया विकास खण्ड अन्तर्गत आदर्श गौठान चपले की स्व-सहायता समूह की महिलाओं से कलेक्टर भीम सिंह ने वीडियो काल के माध्यम से चर्चा किए।





चर्चा के दौरान महिला समूह के सदस्यों ने बताया कि चपले में 16 समूह की 160 महिलाए आदर्श गौठान से जुड़ी है। विभिन्न समूहों के सदस्यों द्वारा गौठान के माध्यम से दैनिक उपयोग की वस्तुए जैसे सर्फ , साबुन, फिनाईल, अगरबत्ती, सेनेटरी पैड, गाय, बकरी, मुर्गी, मछली पालन, कोसा धागा निर्माण, हर्बल गार्डन अन्तर्गत तुलसी व लेमन घास, गेन्दा फूल, हल्दी की खेती, वर्मी खाद उत्पादन, फाईल एवं लिफाफा आदि आवश्यक वस्तुओं का उत्पादन व निर्माण किया जा रहा है। इसके अलावा समूह की महिलाओं द्वारा गौठान परिसर में कैन्टीन का संचालन भी किया जा रहा है। समूह कि महिलाओं ने बताया कि उनके द्वारा उत्पादित वस्तुओं को औद्योगिक क्षेत्र तथा स्थानीय बाजार में विक्रय किया जा रहा है।

इसके साथ ही जिला मुख्यालय में बिहान समूह द्वारा संचालित सी-मार्ट में भी उत्पादों का विक्रय किया जा रहा है। चर्चा के दौरान कलेक्टर ने बताया कि आदर्श गौठान चपले को ग्रामीण औद्यौगिक केन्द्र के रूप में विकसित किया जा रहा है। जिसमें लोगों को स्थानीय स्तर पर अधिक से अधिक स्वरोजगार प्रदान कर आत्मनिर्भर बनाया जा सके। इस दौरान स्व-सहायता समूह कि महिलाओं ने अपनी समस्याओं को कलेक्टर सिंह के समक्ष रखा। जिसे कलेक्टर द्वारा जल्द ही निराकरण का आश्वासन दिया। स्व-सहायता समूह की महिलाओं ने आजीविका संवर्धन के लिए सहयोग एवं संसाधन उपलब्ध कराने के लिए बिहान टीम एवं शासन-प्रशासन का आभार व्यक्त किया।

## युवती का रास्ता रोक छेड़खानी करने वाला युवक गिरफ्तार

**❍ अपराध दर्ज की भनक पर गांव छोड़ भाग रहा था आरोपी, छिंचपाली जंगल से कनकबीरा पुलिस की गिरफ्तार**

**रायगढ़।** दिनांक 21.02.2022 को पुलिस चौकी कनकबीरा प्रभारी उप निरीक्षक एम.डी जायसवाल द्वारा युवती से छेड़खानी की शिकायत पर त्वरित कार्रवाई करते हुये छेड़खानी का मामला दर्ज कर तत्काल आरोपी की गिरफ्तारी के लिये आरोपी के गांव दबिश दिया गया। आरोपी को चौकी में एफआईआर दर्ज होने की भनक लगने पर गांव से भाग रहा था जिसे पुलिस द्वारा छिंचपानी जंगल में धर दबोचा गया। आरोपी को आज शाम सारंगढ़ न्यायालय रिमांड पर भेजा गया है।



पीड़ित युवती अपने पिता के साथ आज दिनांक 21.02.2022 को चौकी कनकबीरा आकर बताई कि ग्राम पाकलडीह का मदन मानिकपुरी आये दिन फोन कर परेशान करता है तथा कॉलेज जाते समय अश्लील छिंटाकशी कर परेशान करता है। युवती बताई कि शनिवार दिनांक 19.02.2022 को अपनी दुपहिया से सुबह 11:00 बजे सारंगढ़ जा रही थी कि कपरतूंगा बेरियर और भालूपानी के बीच एक आम पेड़ के नीचे मदन मानिकपुरी खड़ा था जो एकाएक सड़क पर सामने आकर रास्ता रोका और बुरी नियत से हाथ को पकड़ कर जंगल की ओर ले जाने लगा जिससे काफी डर गई और शोर मचाकर मदन से छुड़ाई, शोर मचाने से मदन भाग गया। तब वापस घर आयी और मां को घटना बताई, पिताजी के दिनांक 21.02.2022 को घर आने पर मदन पर रिपोर्ट दर्ज कराने थाना आयी। युवती की रिपोर्ट पर चौकी प्रभारी द्वारा अप.क्र. 69/2022 धारा 341, 354 IPC का अपराध दर्ज कर आरोपी की पतासाजी कर छिंचपानी जंगल से आरोपी मदन मानिकपुरी पिता हीरालाल मानिकपुरी उम्र 20 साल निवासी ग्राम पाकलडीह चौकी कनकबीरा थाना सारंगढ़ को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया, जहां जेल वारंट पर आरोपी जेल दाखिल किया गया है। आरोपी की पतासाजी गिरफ्तारी में चौकी प्रभारी उप निरीक्षक एम.डी जायसवाल , प्रधान आरक्षक मिरीराम खुंटे, आरक्षक मुकेश साहू गुलशन चौधरी की सराहनीय भूमिका रही है।

## महिला रक्षा टीम प्रभारी ने एनसीसी कैडेट्स को दी व्यक्तित्व विकास और अपराधों की जानकारी

**रायगढ़।** छात्र-छात्राओं, कामकाजी महिलाओं को महिला एवं साबइर अपराधों के प्रति जागरूक कर रही जिले की महिला रक्षा टीम द्वारा आज दिनांक 21.02.2022 को डिग्री कॉलेज अन्तर्गत एनसीसी यूनिट के कैडेट्स को शिक्षकगण की उपस्थिति में व्यक्तित्व विकास और अपराधों की जानकारी दिय गया।

कार्यक्रम में महिला रक्षा टीम प्रभारी टीआई अंजना केरकेट्टा द्वारा कैडेट्स को चरित्र और व्यक्तित्व विकास के बारे में बताया गया। वे बताई कि एनसीसी कैडेट्स को सभी प्रकार की चुनौतियों से निबटने के शारीरिक व मानसिक रूप से मजबूत होना आवश्यक है, इसके लिये अनुशासित होकर समन्वय के साथ जीवन में आगे बढ़े। उन्होंने कहा कि आगे चलकर एनसीसी कैडेट्स सेना, पारा मिलिट्री के अलावा सरकारी नौकरियों में आते हैं। अभी से अपने चरित्र और व्यक्तित्व विकास पर ध्यान देंवे, अनावश्यक अपना समय बर्बाद न करें। टीआई अंजना केरकेट्टा कैडेट्स को महिला संबंधी अपराधों की जानकारी देते हुये किसी प्रकार की छिंटाकशी या छेडखानी का विरोध कर पुलिस के पास शिकायत करने कहा गया। साथ ही बताई कि वर्तमान में युवा वर्ग सोशल मीडिया पर अपनी गुप्त सूचनाएं किसी से भी साझा कर देतें हैं जो ठीक नहीं है। सोशल मीडिया पर अनजान से दोस्ती या साइबर ठगों के झांसे में आकर बैंक एकाउंट की जानकारी बिल्कुल न दें। साबइर क्राईम होने पर तत्काल पुलिस को जानकारी देंवे। रक्षा टीम प्रभारी द्वारा कैडेट्स को पुलिस हेल्प लाइन नम्बर डॉयल 112, पुलिस कन्ट्रोल रूम नम्बर 94791-93299 पर कॉल कर पुलिस सहायता प्राप्त करना बताया गया।




रक्षा टीम की महिल प्रधान आरक्षक मंजू मिश्रा द्वारा कैडेट्स को अभिव्यक्ति ऐप के बारे में बताया गया और उनके मोबाइल पर ऐप को इंस्टाल कराकर ऐप के जरिये किस प्रकार पुलिस सहायता प्राप्त ही जा सकती है, शिकायत पुलिस तक पहुंचाया जा सकता है , बताया गया। कार्यक्रम में रक्षा टीम की महिला आरक्षक रोज मेरी खेस और रेबिका कुजूर द्वारा कैडेट्स को जागरूकता पर्ची बांटा गया। कार्यक्रम में एनसीसी कैडेट्स के साथ शिक्षकगण उपस्थित थे।

## रायगढ़ पुलिस लाइन में किया गया बलवा ड्रिल का अभ्यास

**❍ बलवा ड्रिल में प्रदर्शनकारियों को नियंत्रण करने पुलिस ने परखीं अपनी तैयारियां**

**रायगढ़।** पुलिस अधीक्षक रायगढ़ अभिषेक मीणा के दिशा निर्देशन पर आज दिनांक 21.02.2022 को रक्षित केन्द्र के परेड ग्राउंड पर कार्यपालिक मजिस्ट्रेट एवं पुलिस अधिकारियों उपस्थिति में जवानों द्वारा कानून व्यवस्था की स्थिति से निपटने के लिए मॉक ड्रिल का अभ्यास किया गया जिसे पुलिस की शब्दावली में "बलवा ड्रिल" भी कहा जाता है।

एडिशनल एसपी लखन पटले द्वारा विपरीत परिस्थितियों पर उग्र हो रहे प्रदर्शनकारी/दंगाईयों से कैसे निपटे और शांति व्यवस्था कैसे नियंत्रित करें। इस संबंध मेंअपने मातहतों को विस्तारपूर्वक समझाया गया। बलवा ड्रिल में वास्तविकता लाने एएसपी के निर्देशन पर आर.आई. अमरजीत खुंटे द्वारा पुलिसकर्मियों की दो पार्टियां बनाई गई। एक पार्टी को प्रदर्शनकारी/दंगाई बनाया गया था तथा एक पुलिस पार्टी में मजिस्ट्रेट, डॉक्टर, पुलिस आर्म्स पार्टी सहित अलग-अलग पार्टियां बनाई गई थी।



बलवा ड्रिल में बकायदा प्रदर्शनकारी एवं प्रशासन व पुलिस के मध्य चर्चा, समझाईश दिखाया गया। जब दोनों पक्षों के बीच बातचीत से समाधान नहीं हुआ और प्रद्रर्शनकारी/दंगाई उग्र होकर कानूनों का उल्लंघन करने लगे तब पुलिस पार्टी अश्रु गैस व अन्य दंगा नियंत्रण उपकरण एवं शस्त्रों का प्रयोग प्रद्रर्शनकारी/दंगाईयों को नियंत्रित किया गया। इस दौरान प्रद्रर्शनकारी/दंगाईयों के हमले से घायल पुलिसकर्मियों का बचाव का अभ्यास जवानों द्वारा किया गया।

एडिशनल एसपी लखन पटले, एडिशनल एसपी (ट्रैफिक) माहेश्वर नाग एवं सीएसपी योगेश पटेल द्वारा बलवा ड्रिल में पाई गई खामियों पर विस्तृत रूप से पुलिसकर्मियों को समझाया गया और आने वाले दिनों में इसका अभ्यास कर सुधार करना बताये।

बलवा ड्रिल में कार्यपालक मजिस्ट्रेट तथा एसडीओपी खरसिया निमिषा पांडे, एसडीओपी धर्मजयगढ़ दीपक मिश्रा, एसडीओपी सारंगढ़ प्रभात पटेल, टीआई विवेक पाटले, मनीष नागर, अभिनव कांत सिंह, अमित शुक्ला, अमित सिंह, कृष्णकांत सिंह, एस.आर. साहू, एल.पी. पटेल, उपनिरीक्षक प्रवीण मिंज, गिरधारी साव, जी.पी. बंजारे, डीपी साहू तथा पुलिस लाइन, थाना/चौकियों के पुलिसकर्मी, पुलिस अस्पताल के मेडिकल स्टाफ शामिल थे।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480